"वी यू – मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस का आयोजन"

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस 2023 का आयोजन माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष 10 जुलाई को मनाया जाता है, कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रथम चरण में कृषकों को मत्स्य पालन हेतु सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मत्स्य कृषकों द्वारा संबंधित विषय से प्रश्नों का निदान भी किया गया, कार्यक्रम में मत्स्य विभाग मप्र शासन के सहायक मत्स्य अधिकारी श्री डी.के. झारिया तथा नाबार्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अपूर्व गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन जी द्वारा की गई, कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.के.जोशी, डॉ. जी.पी. लखानी, डी.आई. डॉ. सुनील नायक, श्री ए.के. सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संयोजन मत्स्य प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. सोना दुबे एवम् समन्वयन डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ. प्रीति मिश्रा, श्री शिवमोहन सिंह द्वारा किया गया, बीज वितरण कार्यक्रम में पनागर ब्लॉक के छतरपुर ग्राम एवम् गोकलपुर ग्राम क्षेत्र के मत्स्य कृषक बंधु, तथा महिला कृषक उपस्थित रहे, अपने उद्बोधन के दौरान मान कुलपति जी ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा की मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन एवम् प्रबंधन के साथ–साथ मत्स्य खाद्य प्रसंस्करण में भी बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहें हैं, जिसकी मदद से किसानों को उत्पादन से लेकर विक्रय तक की प्रक्रिया चक्रीय रूप में सहजता से पूर्ण होगी, तथा इससे रोजगार के अवसर में भी ज्यादा इजाफा होने की संभावना है, कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मुख्यातिथि द्वारा नवीन जीर्णोधारित रेयरिंग पोखर ताल में रोहू, कतला, एवम् मृगल कार्प प्रजाति के मछली बीज छोड़े गए, तत्पश्चात इस शुभ अवसर पर प्रक्षेत्र में पौधारोपण किया गया तथा तकरीबन 20 किसानों को मत्स्य बीज वितरण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया,

वर्षा ऋतु में तेजी से प्रसारित होने वाले मलेरिया रोग की रोकथाम में सहायक लार्विवोरस गंबूसिया मछली का सांकेतिक वितरण जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. पहारिया जी को किया गया, गंबूसिया प्रजाति की मछलियां जमे हुए पानी में उपस्थित मच्छर लार्वा को आहार के रूप में ग्रहण कर इन्हे नष्ट कर देती है, परिणाम स्वरूप मच्छर का प्रजनन क्रम टूट जाता है एवम् मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में मदद मिलती है, संपूर्ण कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ एवम् इसे सफल बनाने में कार्यक्रम समिति सदस्य अनिल केवट, प्रियंका गौतम, शिवानी पाठक, सत्येन्द्र कटारा, प्रतीक कुमार तिवारी, सांभवी सेवड़े, अर्चना शर्मा, इमरान खान का सहयोग रहा।

मंच संचालन डॉ. सोना दुबे एवम् आभार डॉ. माधुरी शर्मा द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर